रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 18 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 206 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# क्या दलित होना गुनाह है ...!

### "स्वतंत्रता दिवस पर लोकतंत्र का अपमान – दलित महिला सरपंच को जमीन पर बैठाया, झंडा फहराने से भी रोका"

## ऊँची जाति के दबंगों पर आरोप, संविधान और दलित अधिकारों का खुला उल्लंघन

इंदौर। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर जहां पूरा देश आज़ादी के अमर बलिदानियों को नमन कर रहा था, वहीं इंदौर ज़िले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के रामपीपल्या गाँव से लोकतंत्र और समानता की भावना को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। गाँव की निर्वाचित दलित महिला सरपंच को 15 अगस्त के ध्वजारोहण कार्यक्रम में न केवल कुर्सी पर बैठने से रोका गया, बल्कि उन्हें झंडा फहराने का संवैधानिक अधिकार भी नहीं दिया गया।

दीपक वाड़ेका »» रणजीत




### घटना का विवरण

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में जब महिला सरपंच पहुँचीं तो ऊँची जाति के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें मंच पर बैठने नहीं दिया। सरपंच को मजबूर होकर जमीन पर बैठना पड़ा। झंडा फहराने का कार्य, जो कि निर्वाचित सरपंच का अधिकार है, उनसे छीनकर दूसरों को सौंप दिया गया। यह दृश्य वहाँ मौजूद ग्रामीणों और मेहमानों के सामने हुआ, जिससे पूरे गाँव में नाराज़गी और अपमान का माहौल फैल गया।

## कानूनी पहलू

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) इस तरह के भेदभाव को अपराध मानता है। इसके अलावा यह मामला अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आता है, जिसके तहत दोषियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा सकती है।**

चुनी हुई प्रतिनिधि को झंडा फहराने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायती राज अधिनियम का भी उल्लंघन है।

## जनता और सामाजिक संगठनों का आक्रोश

**घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में आक्रोश फैल गया। दलित संगठनों ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की माँग की है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक महिला सरपंच का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की गरिमा पर चोट है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं कि इस तरह का अन्याय होते हुए उन्होंने तुरंत दखल क्यों नहीं दिया।**

### रामपीपल्या की यह घटना

आजादी के 79 साल बाद भी इस सवाल को उठाती है कि क्या सच में हर नागरिक को बराबरी का अधिकार मिला है? यदि चुनी हुई महिला सरपंच को भी उसका संवैधानिक हक़ नहीं मिलता तो गाँव–गाँव तक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की जड़ें कैसे मजबूत होंगी?अभी तक काई एफआईआर नही हूई।




## मनुष्य के आपसी प्रेम में शांति, सुख और समाधान है - श्री माताजी

आज संपूर्ण संसार युद्ध के मुहाने पर खड़ा प्रतीत होता है कारण मात्र आपसी प्रेम का अभाव, दूसरों से स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने का अहंकार है। यह अहंकार व्यक्तिगत, सामाजिक, देशीय अथवा वैश्विक प्रत्येक स्तर पर देखा जा सकता है। शांति को प्राप्त करने का एकमात्र समाधान है निश्छल प्रेम। इस संदर्भ में सहज योग की संस्थापिका " परम पूज्य श्री निर्मला माता जी" की अमृतवाणी में वर्णित है, कि संसार में जब आप आप किसी से प्यार करते हैं और वह भी आपसे प्यार करता है तो जो दोनों में प्रेम का आदान-प्रदान होता है उसमें एक सूक्ष्म सी संवेदना होती है जो अत्यंत शांति -मय और सुखमय होती है जिसकी व्याख्या नहीं की जा सकती लेकिन आजकल तो प्यार मिलता ही कहां है सब एक दूसरे को गिराने में लगे हुए हैं यहां तक की भक्ति मय कथा सुना कर लोग पैसे ऐंठ रहे हैं यह नहीं समझते कि पृथ्वी माता इतने सुंदर फल दे रही हैं ,फूल दे रही हैं, अन्न दे रही हैं हम उन्हें कितना पैसा देते हैं? प्यार को हम खरीद नहीं सकते प्यार की महिमा को तब तक हम नहीं समझ सकते जब तक हम प्यार के चैतन्य में ना डूब जाए यह प्रेम रूपी चैतन्य सभी बारीक चीज देखता है और समाधान निकलता है और यह केवल सहज योग में ही संभव है। आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के बाद कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है मनुष्य में प्रेम और क्षमा की शक्ति बढ़ जाती है तब



वह परमात्मा की बनाई सृष्टि प्रकृति और मनुष्य दोनों से प्रेम करने लगता है तत्पश्चात उसे परमात्मा का प्रेम, शांति, समाधान सब कुछ मिलने लगता है। यह प्रेम सहज योग में ध्यान धारणा के माध्यम से सरलता से प्राप्त किया जा सकता है इसलिए सहज योग का अनुभव प्राप्त करने के लिए स्वयं को महामानव बनाने एवं स्व कल्याण हेतु सहज योग से आत्म दर्शन की यात्रा आरंभ करें। नजदीकी सहज योग ध्यान केंद्र मे 1800 2700 800 टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतःनिःशुल्क है।

# चिंटू,विपिन के अध्यक्ष बनने से कई नेता नाराज, संभागीय प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

रणजीत टाइम्स

कांग्रेस ने इंदौर शहर की कमान चिंटू चौकसे और जिले की विपिन वानखेड़े को दी है। उनकी नियुक्ति से कई नेता नाराज हैं। कुछ खुलकर विरोध करने लगे हैं तो कुछ उनसे जुड़ी शिकायतें हाईकमान तक पहुंचा रहे हैं। चौकसे के अध्यक्ष बनने से नाराज कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने



कहा कि हम बगैर पद के भी कांग्रेस में काम करेंगे। मैदानी नेता को जिम्मेदारी देना चाहिए थी।

वहीं, पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष साक्षी डागा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि कांग्रेस कार्यकर्तागणों की भावना का विसर्जन हो गया है। कार्यकर्ता की मेहनत और भावना की कीमत नहीं बची है। जो व्यक्ति विधानसभा चुनाव में अपना बूथ और वार्ड तक नहीं बचा पाया। पांच राज्यों में सबसे बुरी हार का रिकॉर्ड बन गया, वह अब कांग्रेस की जिम्मेदारी संभालेगा। चिंटू चौकसे को कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बयान दिया है कि इस पद के लिए अरविंद बागड़ी का नाम आगे था, लेकिन उन्हें इस बात की सजा मिल रही है कि वे खजराना गणेश के भक्त हैं और सनातन धर्म के अनुयायी हैं। कांग्रेस ने उस नेता को अध्यक्ष बनाया है जिस पर अलग-अलग थानों में 14 प्रकरण दर्ज हैं। बागड़ी का अध्यक्ष नहीं बनना बताता है कि कांग्रेस उन लोगों से नफरत करती है जो धर्म का प्रचार प्रसार करते हैं। जीतू पटवारी ने राहुल गांधी के एजेंडे को आत्मसात किया है।

**कांग्रेस में नेताओं का अकाल : मेयर**

मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरुनी मामला है, लेकिन मुझे लगता है कि कांग्रेस के पतन का कारण उनके फैसले रहते है। आपराधिक प्रवृति के लोगों को बढ़ावा दिया जाता है। जो प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में थे, उन्हें जिलाध्यक्ष बना दिया। कांग्रेस खत्म होती जा रही है, वहां नेतागणों का अकाल पड़ा है।



## बिहार में 65 लाख वोट डिलीट हुए वोटर लिस्ट देने में एतराज क्यों : दिग्गी

रणजीत टाइम्स

**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार को इंदौर आए। उन्होंने मीडिया से चर्चा की और चुनाव निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए है। उनका जवाब चुनाव आयोग क्यों नहीं दे रहा है। हमने वोटर लिस्ट की सॉफ्ट कॉपी मांगी है,ताकि हम उसके माध्यम से हम यह जानकारी ले सके कि व्यक्तियों के नाम एक पोलिंग बूथ पर है या दूसरे पॉलिंग बूथों पर है।**

चुनाव आयोग को खुलकर आरोपों पर जबाव देना चाहिए। बिहार में 65 लाख वोट डिलिट हो गए। उसकी सॉफ्ट कॉपी देने में क्या एतराज है। वो हमें क्यों नहीं दी जा रही है। सिंह ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा शुरू की है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि दो सप्ताह तक वोट अधिकार यात्रा आरजेडी, कांग्रेस व साथी दल बिहार में निकालेंगे। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि गांधी जी ने नमक सत्याग्रह से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देश में माहौल खड़ा किया था। हम भी देश को जागृत कर रहे है सिंह ने भारत जोड़ों यात्रा पर पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल द्वारा लिखी गई किताब का भी विमोचन किया।

### दूसरी पंक्ति में नजर आए चिंटू

दूर-दूर नजर आए चिंटू से सिंह कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी शामिल हुए लेकिन वे दिग्विजय सिंह से दूर-दूर नजर आए। सिंह के साथ पूर्व नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा थे, लेकिन चौकसे दूसरी पंक्ति में बैठे। सिंह गोगा देव की जुलूस में भी शामिल हुए।

### नमामि गंगे एवं अमृत 2.0 प्रोजेक्ट की समीक्षा

इन्दौर : नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज इंदौर स्मार्ट सिटी कार्यालय में आगामी सिंहस्थ 2028, नमामि गंगे अभियान एवं अमृत प्रोजेक्ट 2.0 की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री श्री विवेश जैन सहित कंसल्टेंट्स एवं प्रोजेक्ट से जुड़े विभिन्न कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त श्री वर्मा ने बैठक में कहा कि आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए शहर में नदी एवं नालों की सफाई कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

शहर की सांसें मत रोकिए

# हुकमचंद मिल सिटी फॉरेस्ट को बचाने नागरिकों की हुंकार



रणजीत टाइम्स

इंदौर के दिल में बसे हुकमचंद मिल के प्राकृतिक सिटी फॉरेस्ट पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ आज एक बार फिर नागरिकों की आवाज गूंजी। हाउसिंग बोर्ड द्वारा इस हरित धरोहर को काटकर निर्माण कार्य किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में, शहर के पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने शाम 5 बजे से 6 बजे तक राजवाड़ा चौक पर मानव श्रृंखला बना कर संदेश दिया–ृपेड़ बचेंगे तो इंदौर बचेगाऱ।

यह सिटी फॉरेस्ट केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि हजारों पक्षियों, जीव-जंतुओं का घर और शहर की आबोहवा का रक्षक है। नागरिकों का कहना था कि यदि यह वन क्षेत्र नष्ट हुआ तो आने वाली पीढ़ियों को केवल प्रदूषण और कंक्रीट का जंगल मिलेगा।

मानव श्रृंखला में ओ. पी. जोशी, शिवाजी मोहिते, रमेश्वर गुप्ता, , दिलीप वाघेला, अजय लागू, अभय जैन, अरविंद पोरवाल, विश्वनाथ कदम, शैला शिंत्रे, संदीप खानवलकर, प्रकाश पाठक, रामस्वरूप मंत्री, प्रणीता दीक्षित, स्वप्निल व्यास, मनीष काले, प्रमोद नामदेव , डॉ सम्यक जैन , शबाना पारेख, चन्द्रशेखर गवली, प्रकाश सोनी, जावेद आलम, आराध्य दीक्षित, आशीष राय, डॉ श्रेष्ठी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। सभी ने प्रशासन से मांग की कि इस प्राकृतिक सिटी फॉरेस्ट को स्थायी रूप से संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तुरंत रोका जाए।

नागरिकों का स्पष्ट संदेश था– ऱहमें फ्लैट नहीं, हमें ऑक्सीजन चाहिएृ।

## साइबर लुटेरों के जाल में फंसी फायनेंसर की पत्नी, डीसीपी ने बचाया

रणजीत टाइम्स

इंदौर में एक महिला साइबर ठगों का शिकार होते-होते बच गई। ठगों ने खुद को ट्राई कंपनी और मुंबई पुलिस अधिकारी बताकर महिला को डराने की कोशिश की थी। शुरूआत में महिला उन्हें असली पुलिस मान बैठी, लेकिन जैसे ही एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया कॉल पर जुड़े, ठगों का खेल बेनकाब हुआ। इसके बाद, पत्नी से कॉल पर जुड़े ठगों ने सुन लिया कि पति एडिशनल डीसीपी से बात कर रहे हैं और घबराकर कॉल काट दी।

**ट्राई का अधिकारी बनकर किया कॉल** -एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि बंगाली चौराहे स्थित आशीष नगर निवासी फायनेंसर की पत्नी मोनिका सूद को कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि उनकी सिम से फर्जी गतिविधियां हो रही हैं। ठगों ने यह भी कहा कि इस मामले में मुंबई के कोलाबा थाने में 24 एफआईआर दर्ज हैं और कॉल को ह्यपुलिस स्टेशनह्न ट्रांसफर करने का नाटक किया।

**महिला ने बताई आपबीती** - मोनिका सूद ने बताया,' जब मुझे समझ नहीं आया तो मैंने फोन अपने पति को दे दिया। इसके बाद ठगों ने उनसे भी कई जानकारियां मांगी ह्न कॉल करने वालों ने कहा कि मेरी सिम पर 24 एफआईआर दर्ज हैं, उन्होंने लंबे समय तक मुझे डराने की कोशिश की।

**वर्दी सेट करते देख हुआ शक**-ठगों ने महिला को वीडियो कॉल पर भी जोड़ा और पुलिसकर्मी बनकर बातचीत करने लगे। इस दौरान वे बार-बार अपनी वर्दी सेट कर रहे थे और महिला को डराने की कोशिश कर रहे थे। इसी पर महिला के पति सुदीप सिंह सूद को शक हुआ। उन्होंने तुरंत अपने दोस्त और क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से दूसरे फोन से संपर्क किया और उन्हें कॉल पर जोड़ लिया।

### ठगों ने किया डिजिटल अरेस्ट

*एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फोन आने के 15 मिनट में ही मैं मौके पर पहुंच गया। ठगों ने महिला को करीब एक घंटे तक कॉल पर रोककर ह्यडिजिटल अरेस्टह्न रखा। जब महिला ने सिम के दुरुपयोग की बात मानने से इनकार किया तो ठगों ने आधार कार्ड के दुरुपयोग की आशंका जताई। उन्होंने तीन अलग-अलग नंबरों से कॉल किया और वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस अफसर बताया।*

## झाड़ियों में मिला 17 वर्षीय छात्र का शव, प्रेम प्रसंग में हत्या का शक

रणजीत टाइम्स

रविवार सुबह इंदौर के चंद्रावतीगंज क्षेत्र के हुबली गांव में झाड़ियों के बीच 17 वर्षीय छात्र का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विशाल पुत्र चैनसिंह चावड़ा के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सांवेर अस्पताल भेजा गया।

**दोस्तों के साथ गया था जन्माष्टमी कार्यक्रम** -पुलिस जांच में सामने आया कि विशाल शनिवार रात दोस्तों के साथ जन्माष्टमी के कार्यक्रम में गया था। वहां से लौटकर उसने परिवार से कहा कि वह गोशाला में सोने जा रहा है। लेकिन रविवार सुबह जब वह मवेशी छोड़ने के लिए नहीं उठा तो पिता ने गोशाला में खोजबीन की। वहां न मिलने पर परिवार ने तलाश की और कुछ दूरी पर झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला।

**मोबाइल फोन गायब, हत्या की आशंका** -घटनास्थल से विशाल का मोबाइल फोन भी गायब है। पुलिस को हत्या की आशंका है और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं। मृतक विशाल 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता मवेशी पालन का कार्य करते हैं।

### पुलिस की जांच, प्रेम प्रसंग पर शक

एडिशनल एसपी ग्रामीण रूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मोबाइल फोन गायब है और पुलिस प्रेम प्रसंग एवं अवैध संबंधों की आशंका के आधार पर जांच कर रही है।

## ब्राउन शुगर के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स

क्राइम ब्रांच ने रविवार को एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 13.89 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी एक दर्जन से ज्यादा अपराधों में पहले भी जेल जा चुका है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि राजकुमार सब्जी मंडी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया।

छानबीन में आरोपी ने अपना नाम सुमित उर्फ सरदार (25) धनुक, निवासी कुलकर्णी भट्टा, परदेशीपुरा बताया। तलाशी में उसके पास से 13.89 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि उस पर दर्जनभर केस दर्ज हैं। वह नशे का आदी है।

## मंदिर से मूर्तियां उखाड़कर कान्ह नदी में फेंकी:लोगों ने किया हंगामा

रणजीत टाइम्स

इंदौर में संजय ब्रिज के पास कान्ह नदी किनारे बने मंदिर की मूर्तियां उखाड़कर नदी में फेंक दी गईं। शनिवार सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो मूर्तियां नहीं थीं। इसके बाद बजरंग दल हंगामा किया। ढूंढने पर कुछ मूर्तियां नदी में मिलीं।

कोतवाली थाने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की। टीआई रविंद्र पाराशर ने भरोसा दिलाया कि एक हफ्ते में आरोपी पकड़ लिए जाएंगे। पुलिस ने मूर्तियां नदी में फेंके जाने का आवेदन लिया और जांच शुरू कर दी है।



15 अगस्त को इसी मंदिर में मवेशियों के अवशेष मिलने की शिकायत मिली थी। लगातार मंदिर में हो रही घटनाओं से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं।

लोगों ने मंदिर से मूर्तियां गायब होने की सूचना बजरंग दल को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच लोगों ने नदी में मूर्तियों की सर्चिंग शुरू की। काफी देर बाद कुछ मूर्तियां मिलीं तो हिंदूवादियों ने आरोपियों को पकड़ने की बात पर हंगामा किया। वहीं, कोतवाली थाने के पुलिसकर्मियों ने सर्चिंग के वीडियो डिलिट करा दिए।

एक दिन पहले (शुक्रवार) ही कान्ह नदी के घाट पर स्थित शिव मंदिर में मवेशियों के अवशेष फेंके गए थे। इस मामले में पुलिस ने मोहन लाल मानेकर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रणजीत टाइम्स



# इंदौर के 4 युवक कार दुर्घटना में मारे गये

## हायवे एन एच-6 राजनांदगांव के पास तेज रफ्तार से ट्रक से भिड़ी कार, भीषड़ हादसा 6 युवकों की स्पाट डेथ




भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ से

रिपोर्टर »» डॉ रामदत्त दीक्षित

भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ में हायवे एन एच-6 राजनांदगांव के पास उड़ीसा धार्मिक कार्य हेतु जा रहे 6 युवकों की सड़क हादसे से जान चली गयी जिसमें 4 युवक इंदौर के रहने वाले थे। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में आज सुबह एक तेज रफ्तार से जा रही कार भीषण हादसे का शिकार हो गयी कार चिरचारी नेशनल हाईवे चौराहे के पास ट्रक से भिड़ गयी कार में 6 युवक मध्यप्रदेश के सवाल थे जिसमें 4 युवक इंदौर के थे वाकी रतलाम के थे।

यह भीषण हादसा बागनदी थाना इलाके का है पुलिस ने बताया कार में 6 युवक सवार थे सातवां चालक, चालक गंभीर रूप से घायल है। ये सभी एक कार में सवार होकर एक धार्मिक यात्रा पर ओडसा जा रहे थे कार बहुत ही तेज रफ्तार में थीं ड्राइवर ने अचानक कार में ब्रेक लगा दिया कार बेकाबू होकर दूसरी तरफ मुड़ गयी जिससे उधर से आ रहा ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे कार में बैठे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कार चला रहा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार हादसे में जिन लोगों ने जान गंवाई उनके नाम

1. आकाश मौर्या 28 इंदौर,
2.गोविन्द 33 रतलाम,
3. अमन राठौर 26 निराला इंदौर,
4. नितिन यादव 34 इंदौर ,
5. संग्राम केशरी नीलकंठपुर, ओडीसा,
6. सागर यादव घायल, इंदौर

### ये सभी धार्मिक यात्रा पर ओड़ीसा जा रहे थे

एडीसनल एसपी राहुल देव शर्मा का कहना है कि आज सुबह 5 बजे यह दुर्घटना हुई यह कार इंदौर से नागपुर होते हुए राजनांदगांव से रायपुर की ओर जा रही थी जिससे सामने आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई जिससे हादसे में 6 लोगों की मौतें हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है फिलहाल हादसे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय खनियाधाना में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का पर्व



जगदीश पाल

खनियाधाना( शिवपुरी ))शा. सांदीपनी विद्यालय खनियाधाना में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया प्रातः विद्यालय में झंडा वंदन का रैली निकाली गई उसके उपरांत विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक,पर्यावरणीय एवं देशभक्ति से संबंधित प्रस्तुतियां दी गई, कार्यक्रम में बच्चों के साथ पालक गण भी उपस्थित रहे। शिक्षक वन एवं बालकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन विद्यालय परिवार की कक्षा 10 की छात्रा कुमारी शिवा सोनी एवं कुमारी परी दीप बन गैया ने किया। कार्यक्रम संयोजन श्री मती प्रियंका लोधी, श्री दीपक शिवहरे, श्री सुरजीत साहू, श्री अशोक जाटव, श्री संजीव जैन आदि ने किया। बच्चों के द्वारा योग पर की गईं गतिविधि की शानदार प्रस्तुति के द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के संदेश के साथ ही चिपको आंदोलन की प्रस्तुति कर समस्त लोगों को पर्यावरण सुधार का संदेश दिया गया। अपने बक्तव्य में शिक्षकों द्वारा बताया कि 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर हमे अपने नए भारत के निर्माण के चिंतन के साथ ही यह भी तय करना होगा कि भविष्य के भारत की तस्वीर कैसी हो और यह आप समस्त विद्यालय में अध्ययन रत विद्यार्थीयों के मस्तिष्क में विचार अभी से होना चाहिए।निश्चित ही भविष्य निर्णायक होगा और आपके हाथ में होगा। आज हम महापुरुषों को याद करते हैं तो केवल याद कर लेने से हमारे कर्तव्य पूरे नहीं होते, हमें यह भी तय करना होगा कि हम और आप में हमारे आदर्श पुरुषों के समान राष्ट्र वादिता भी हो। जब तक देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत नहीं होगी हमारे संकल्प पूरे नहीं होंगे। अपने संकल्प को पुर्ण करने के लीए हमें स्वयं में राष्ट्र प्रेम जगाना होगा।अंत में प्राचार्य श्री टेकचंद जैन ने समस्त स्टॉफ, पालक गण, एवं वच्चों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोहित पाठक, मोहन सोनी, कृपान सिंह कुशवाह, अमोल सिंह परिहार, मुकेश परिहार, धर्मेंद्र सिंह बैस, नरेंद्र रावत, प्रीती शर्मा, शिवम् राजा, जीतेन्द्र लोधी, जीतेन्द्र शर्मा, रश्मि लोधी, सोनू शर्मा, अनस खान आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे, एवं राष्ट्रीय पर्व पर विशिष्ट सहयोग किया।

# शक्तिपीठ पर धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

हाटपीपल्या- स्थानीय शक्तिपीठ परिसर में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन आरती एवं ध्यान के उपरांत नौ-कुंडीय यज्ञशाला में सभी परिजनों ने गायत्री यज्ञ में आहुतियाँ समर्पित कीं। शक्तिपीठ पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर शक्तिपीठ प्रांगण में परिजनों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। सायं 7 बजे से भव्य दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर "कृष्ण जी के जीवन-दर्शन" पर व्याख्यानमाला प. मनोहर गुरु द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके



पश्चात सामूहिक भजन-कीर्तन एवं प्रज्ञा-गीतों का सहगान श्री जितेंद्र गुरु एवं रवि गुरु द्वारा संपन्न हुआ।

रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मध्यरात्रि में महाआरती संपन्न हुई तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तीर्थ के श्री गिरीशचंद्र गुरु ने जानकारी देते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी परिजनों की सहभागिता प्रेरणादायक रही। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियां आज से पांच दिवसीय म.प्र. दौरे पर

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विदेशी निवेश संवर्धन के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम

**रणजीत टाइम्स**

**भोपाल :**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मन की कंपनियों ने मध्यप्रदेश का रूख किया है। मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। इसमें म.प्र. और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। म.प्र. के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेंगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी। म.प्र. ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है।

जर्मन कम्पनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार को दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस तरह की वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ह्लयह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है।ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज



टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांस्फॉर्मेटिव साझेदारियाँ प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने में सहायक होंगी।ह्व

प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के श्री स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के श्री निकोलस, स्टेएक्स के श्री एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट-एजी के श्री मटियास प्रोग्चा और क्लाउड-स्क्विड के श्री फिलिप रेजमूश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ़्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्युशंस, एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। इन कंपनियों का अनुभव और तकनीकी क्षमता मध्यप्रदेश के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी।

प्रतिनिधिमंडल इंदौर प्रवास के दौरान तकनीकी कार्यशालाओं और रणनीतिक चचाओं में शामिल रहेगा। प्रतिनिधिमंडल आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण करेगा और स्थानीय स्टार्ट-अप्स से संवाद स्थापित करेगा।इसके बाद भोपाल प्रवास के दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें होंगी। यह पूरा कार्यक्रम तकनीकी सहयोग, अनुसंधान और निवेश से जुड़ी ठोस संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।

प्रतिनिधि मंडल के बी2बी व्यावसायिक बैठकें और कई तकनीकी साझेदारी के समझौते होंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय निवेश और नई साझेदारियों के द्वार खुलेंगे। इस पहल से प्रदेश के उच्च कौशल वाले हजारों युवाओं के लिये रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। साथ ही राज्य में नए ह्लअनुसंधान औऱ विकासह्व केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यह दौरा मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की बुनियाद सिद्ध होगा। इस दौरे से वैश्विक नॉलेज और कटिंग एज टेक्नोलॉजी से ट्रांस्फोर्मेटिव साझेदारी विकसित होगी, जो प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इस पहल से नवाचार हब के रूप में मध्यप्रदेश की स्थिति और सुदृढ़ होगी और आने वाले वर्षों में राज्य को भारत का टेक्नोलॉजी पॉवर हाउस बनाने की दिशा में निर्णायक गति मिलेगी।

यह आयोजन इंक्यूबेशन मास्टर्स , जर्मनी- इंडिया इनोवेशन कॉरिडोर और एमपीआईडीसी के सहयोग से हो रहा है। यह राज्य की प्राथमिकताओं ह्लआत्मनिर्भर मध्यप्रदेशह्व और ह्लडिजिटल इंडियाह्व के अनुरूप है। भविष्य में अमेरिका, सिंगापुर, यूएई तथा अन्य तकनीकी अग्रणी देशों के साथ भी इसी तरह की सहयोग यात्राएँ आयोजित की जाएँगी, जिससे मध्यप्रदेश को एक ग्लोबल टेक-हब के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य सुदृढ़ होगा।

# हमारी पीढ़ी ने खराब किया पर्यावरण, ठीक करने की भी हमारी जिम्मेदारी : खंडेलवाल

**रणजीत टाइम्स**



भोपाल में 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 40 वर्ष पहले पर्यावरण और वातावरण की स्थिति इतनी खराब नहीं थी, लेकिन हमारी पीढ़ी ने इसे खराब किया। अब इस असंतुलित पर्यावरण को ठीक करना और आने वाली पीढ़ी को जीवित रहने लायक एक स्वच्छ पर्यावरण देना हमारी जिम्मेदारी है, जो मानव सभ्यता में हजारों वर्ष पहले हुआ करता था। बीते वर्षों में पर्यावरण से जो खिलवाड़ हुआ है, उसे ठीक करने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

खंडेलवाल ने ये भी कहा कि पर्यावरण खराब करने की जिम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी है, इसलिए इसे बचाना और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देना हमारी ही जिम्मेदारी है। हम सब मिलकर आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा समाज और अच्छा पर्यावरण देने की चिंता करें। ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रयास करें, जो सैकड़ों साल पहले हुआ करता था।

### 2100 पौधे रोपे गए

उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया है। इस मौके पर 2100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। जहां प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज के साथ जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

# सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित कराएं : पटेल

**रणजीत टाइम्स**

**भोपाल :राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित लोकसेवक केन्द्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाएं। गरीब, वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें और उनकी मदद आगे बढ़कर करें। विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।**

राज्यपाल श्री पटेल रविवार को नर्मदा क्लब के सभागार में संकल्प संस्थान से चयनित सिविल सेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को सफलता की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री पटेल ने संकल्प संस्थान के गुरूजन, मार्गदर्शक और सफल प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित किया। प्रतिभावान छात्रों को निखारने और सफल बनाने के प्रयासों के लिए संस्थान की सराहना की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ऋग्वेद के अनुसार ज्ञानी लोग अज्ञानियों को भी ज्ञानवान बनाते हैं, अर्थात शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को भी शिक्षित बनाने में ही है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो परिवार और समाज में बदलाव लाती है। राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर देकर, नए भारत के निर्माण का संकल्प दिया है। विश्वगुरू भारत और नए विश्व के निर्माण के लिए जरूरी है कि युवा हमेशा नए सपने देखें और बड़े सपने देखें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संस्थान, प्रदेश के गरीब और वंचित वर्ग के प्रतिभागियों को संस्थान की विशेषज्ञता से लाभान्वित करने का विशेष प्रयास करें।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 18 अगस्त 2025


# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 3 जगह बादल फटा: 7 लोगों की मौत और कई घायल



बादल फटने के बाद मलबे के कारण घर क्षतिग्रस्त हो गया।



भारतीय सेना की राइजिंग स्टार कॉर्प्स ने घायलों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।



जोड़ घाटी गांव में बादल फटने और लैंडस्लाइड की घटना के बाद

रणजीत टाइम्स

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग-घाटी इलाके में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में रविवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले में रात भर हुई भारी बारिश के कारण सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इस त्रासदी के कारण जिले के कुछ हिस्सों में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा, घाटी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में भी बादल फटने की भी खबरें हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे घरों और अन्य बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा,जंगलोट और आसपास के इलाकों में रेलवे ट्रैक और जम्मू-कठुआ राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, सड़कों पर पानी भर गया है और बाढ़ का पानी पुराने कठुआ शहर के कई घरों में भी घुस गया है।

पुलिस और सेना की टीमों के साथ-साथ एसडीआरएफ को भी बचाव अभियान में लगाया गया है और प्रभावित परिवारों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है, और उन्हें निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था की गई है। घायलों की पहचान करूम बेगम (26), राफिया बेगम (4), अर्शिया बेगम (6), परवीन अख्तर (8), गोगली बेगम (26) और नगीना (3 महीने) के रूप में हुई है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा , जंगलोट इलाके में बादल फटने की सूचना मिलने के बाद एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना से बात की। रेलवे ट्रैक और राष्ट्रीय राजमार्ग को नुकसान पहुंचा है और कठुआ पुलिस स्टेशन भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा आगे कहा कि प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बल तुरंत हरकत में आ गए हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन के बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा, मैंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और सहायता कार्यों को चलाने के लिए समन्वय और क्रियान्वयन करने तथा मौके पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मेरी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को बादल फटने और भूस्खलन प्रभावित कठुआ जिले में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने का निर्देश दिया है। इस बीच, मौसम विभाग ने 18 अगस्त तक डोडा, जम्मू, कठुआ, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी, रामबन, रियासी, सांबा और उधमपुर में हल्की से मध्यम स्तर की बाढ़ का खतरा जताया है।मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में भारी बारिश होगी। अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा ज्यादा है और संवेदनशील क्षेत्रों में बादल फटने की भी आशंका है।

## किश्तवाड़ में अब तक 65 लोगों की मौत हुई

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में NDRF की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, SDRF और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे थे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस पर एक शख्स ने उनसे कहा- हमें कुछ नहीं चाहिए, आप सब अपने घर ले जाओ, हमें सिर्फ डेडबॉडी दे दो। मेरी मां-मौसी लापता हैं। युवक ने आरोप लगाया था कि यहां पर 20 जेसीबी आई हैं, हम कल से देख रहे हैं कि सिर्फ 2 ही जेसीबी काम कर रही हैं। आज आप आए तो इन्हें चालू किया गया।

# दही हांडी कार्यक्रम के दौरान हादसा

रणजीत टाइम्स

**मुंबई।** नवी मुंबई के घणसोली में शनिवार रात दही हांडी उत्सव के दौरान बड़ा हादसा टल गया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंच से नीचे उतर रहे थे, तभी मंच पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता चढ़ गए। अचानक बढ़े भार के कारण मंच धंस गया और वहां अफरा-तफरी मच गई।कुछ पलों के लिए लोगों में दहशत फैल गई, लेकिन गनीमत रही कि उपमुख्यमंत्री शिंदे को कोई चोट नहीं आई। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हालात को संभाला और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताते चलें कि उपमुख्यमंत्री शिंदे नवी मुंबई में आयोजित कई दही हांडी कार्यक्रमों में शामिल हुए थे।



### आयोजन पर सवाल

स्टेज धंसने की इस घटना ने आयोजकों की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भीड़भाड़ और अव्यवस्था के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि यह हादसा टल गया, लेकिन इसने त्योहारों के आयोजनों में सुरक्षा प्रबंधों की अहमियत एक बार फिर सामने ला दी है।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बर्लिन में भारत परेड

**बर्लिन.** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बर्लिन स्थित प्रतिष्ठित ब्रांडेनबर्ग गेट पर भारतीय दूतावास ने भारतीय राष्ट्रीय दिवस समारोह समिति (आईएनडीसीसी) और टैगोर सेंटर के सहयोग से भारत परेड का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लगभग 1,000 सदस्य और भारत के मित्र शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जर्मनी में भारत के राजदूत श्री अजीत गुप्ते और उनकी पत्नी श्रीमति प्रीति गुप्ते भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में 'जयस्तुते श्री महामंगले' के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज की जय के गूंजते नारों के साथ एक प्रभावशाली मल्लखंभ प्रदर्शन किया गया।



## बारिश से भारी तबाही का दौर जारी, अब तक 257 लोगों की हो चुकी हैं मौतें

रणजीत टाइम्स

**मंडी.** हिमाचल प्रदेश में बारिश से भारी तबाही का दौर जारी है, बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है और मृतकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। शनिवार सुबह तक हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) ने बताया कि राज्य भर में 374 सड़कें, 524 बिजली ट्रांसफार्मर और 145 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हो गई हैं। एक विज्ञप्ति के मुताबिक प्राधिकरण ने बताया कि दो राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएच-305 और एनएच-05, अवरुद्ध मार्गों में शामिल हैं, जहां भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण, विशेष रूप से मंडी, कुल्लू और किन्नौर जिलों से संपर्क बाधित हो रहा है। पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि लगातार बारिश और भूस्खलन से प्रगति धीमी हो रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वतंत्रता आंदोलन

**संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के ह्यअंग्रेजो, भारत छोड़ोह्ल आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के बारे में अज्ञानता से घिरे लोग अकसर यह प्रश्न पूछते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही है? कुछ लोग इससे भी आगे बढ़ जाते हैं और पूछते हैं कि संघ के किसी एक कार्यकर्ता का नाम ही बता दीजिए, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया हो? संघ की स्थापना जिन्होंने की, वे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वयं ही जन्मजात देशभक्त थे।**

डॉ. हेडगेवार क्रांतिकारी भी रहे, कांग्रेस में रहकर राजनीतिक संघर्ष किया और जेल भी गए। बाद में, देश की सर्वांग स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को स्थायी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। डॉ. हेडगेवार अकेले नहीं हैं, अपितु स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेनेवाले संघ के ज्ञात-अज्ञात कार्यकताओं की लंबी शृंखला है। जो संगठन अपने कार्यकताओं को यह शपथ दिलाता हो कि ह्लमैं हिन्दूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घटक बना हूँ, उसने कितने ही लोगों के मन में स्वतंत्रता प्राप्ति का भाव भरा होगा, उसकी सहज कल्पना की जा सकती है।

भारत में प्रतिज्ञा का बहुत महत्व है। हमें भीष्म प्रतिज्ञा का स्मरण है। राजा हरिशचंद्र की सत्य बोलने की प्रतिज्ञा ध्यान है। मुगलिया सल्तनत के अत्याचार के विरुद्ध महाराण प्रताप की प्रतिज्ञा को कौन भूल सकता है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने शिव को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा करके ह्यस्वराज्यह्ल की नींव रखी, जिसे साकार करने में संपूर्ण समाज प्राणपण से जुट गया। संघ के स्वयंसेवक भी इसी भाव के साथ प्रतिज्ञाबद्ध होते हैं कि वह जो प्रतिज्ञा ले रहे हैं, उसको पूर्ण करने में अपना सर्वस्व देंगे और प्रतिज्ञा को आजन्म निभाएंगे। मार्च 1928 में नागपुर के निकट एक पहाड़ी पर स्वयंसेवकों को एकत्र करके, भगवाध्वज के समक्ष प्रतिज्ञा का पहला कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया था। देश की पूर्ण स्वतंत्रता एवं विकास के लिए स्वयंसेवकों को वीरव्रती बनाने के निमित्त आयोजित इस प्रथम कार्यक्रम में 99 स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा की थी। इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार ने संघ के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जो भाषण दिया, वह स्वतंत्रता प्राप्ति की संघ की आकांक्षा को स्पष्टतौर पर व्यक्त करता है। उन्होंने कहा- ह्लहमारा उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की पूर्ण स्वाधीनता है। संघ का निर्माण इसी महान लक्ष्य के लिए हुआ हैह्व। इस स्पष्ट अभिव्यक्ति के बाद कहने के



लिए कुछ और भी बचता है क्या? यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अपनी नित्य प्रार्थना में कहते हैं कि इस राष्ट्र को परम वैभव पर लेकर जाना है। क्या कोई पराधीन राष्ट्र परम वैभव पर जा सकता है? स्पष्ट है कि भारत की स्वतंत्रता का लक्ष्य संघ की स्थापना में निहित था।

डॉक्टर साहब ने 1929 में वर्धा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भी स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की एक सभा में प्रखरता के साथ कहा- ह्लब्रिटेन की सरकार ने अनेक बार भारत को स्वतंत्र करने का आश्वासन दिया है, परंतु वह झूठा साबित हुआ। अब यह साफ हो गया कि भारत अपने बल पर स्वतंत्रता प्राप्त करेगाह्व। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने महात्मा गांधी के आह्वान पर ह्यनमक सत्याग्रहह्ल में शामिल होकर विदर्भ प्रांत में 1930 में ह्यजंगल सत्याग्रहह्ल किया। इस आंदोलन में उनके साथ अनेक प्रमुख स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सत्याग्रहियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। डॉक्टर साहब को नौ माह का कठोर कारावास दिया गया। इससे पूर्व 1921 के आंदोलन में भी डॉक्टर साहब को जेल की सजा हुई थी। महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को मध्यभारत में सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने अथक प्रयास किया। संघ के सरकार्यवाह जीएम हुद्दार, नागपुर के संघचालक अप्पा साहेब हलदे, सिरपुर के संघचालक बाबूराव वैद्य, संघ के सरसेनापति मार्तंडराव जोग के साथ संघ के अन्य प्रमुख कार्यकताओं के आंदोलन में शामिल होने के कारण चार-चार माह का कारावास मिला।

अपनी स्थापना के कई वर्षों बाद कांग्रेस को जनमानस के दबाव के कारण 31 दिसंबर, 1929 को लाहौर में रावी के तट पर पहली बार ह्यपूर्ण स्वराज्यह्ल का प्रस्ताव पारित करना पड़ा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने 1920 में नागपुर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में ही पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित कराने का प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस की प्रस्ताव समिति के सामने सुझाव रखा था कि कांग्रेस का उद्देश्य भारत को पूर्ण स्वतंत्र कर भारतीय गणतंत्र की स्थापना करना और विश्व को पूंजीवाद के चंगुल से मुक्त करना होना चाहिए। बहरहाल, सम्पूर्ण स्वतंत्रता का उनका सुझाव कांग्रेस ने 9 वर्ष बाद 1929 के लाहौर अधिवेशन में स्वीकृत किया। कांग्रेस का यह निर्णय संघ के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इसलिए इससे आनंदित होकर सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार ने संघ की सभी शाखाओं को 26 जनवरी, 1930 को कांग्रेस का अभिनंदन करने, राष्ट्रध्वज का वंदन करने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि शाखाओं पर भाषण कर-के स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ एवं महत्व को समझाया जाए। सरसंघचालक के निदेर्शानुसार, संघ की सभी शाखाओं पर 26 जनवरी, 1930 को सायं 6 बजे स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के ह्यअंग्रेजो, भारत छोड़ोह्ल आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया। विदर्भ में बावली (अमरावती), आष्टी (वर्धा) और चिमूर (चंद्रपुर) में हुए आंदोलनों में संघ के स्वयंसेवकों ने ही नेतृत्व किया। चिमूर के समाचार बर्लिन रेडियो पर भी प्रसारित हुए। यहां के आन्दोलन का नेतृत्व कांग्रेस के उद्धवराव कोरेकर और संघ के अधिकारी दादा नाईक, बाबूराव बेगडे, अण्णाजी सिरास ने किया। चिमूर के इस आन्दोलन में अंग्रेज की गोली से एकमात्र मृत्यु बालाजी रायपुरकर की हुई, जो संघ स्वयंसेवक थे। इस आंदोलन के अंतर्गत राजस्थान में प्रचारक जयदेवजी पाठक, आर्वी (विदर्भ) में डॉ. अण्णासाहब देशपांडे, जशपुर (छत्तीसगढ़) में रमाकांत केशव (बालासाहब) देशपांडे, दिल्ली में वसंतराव ओक एवं चंद्रकांत भारद्वाज और पटना (बिहार) में अधिवक्ता कृष्ण वल्लभप्रसाद नारायण सिंह (बबुआजी) ने भाग लिया।

अंग्रेज सरकार संघ के बढ़ते प्रभाव से घबरा गई थी। इसलिए उसने संघ पर आंशिक प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए ताकि संघरूपी आंदोलन को रोका जा सके। गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट के आधार पर अंग्रेज सरकार ने सबसे पहले 15 दिसंबर, 1932 को एक सर्कुलर निकालकर सरकारी कर्मचारियों को संघ में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। वहीं, 5 अगस्त, 1940 को ब्रिटिश सरकार ने संघ की सैनिक वेशभूषा और प्रशिक्षण पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि सरकार को गुप्तचर रिपोर्ट में यह जानकारी मिलने लगी थी कि संघ के स्वयंसेवक पूर्ण स्वतंत्रता की ओर तेजी से अग्रसर हैं। राष्ट्रीय आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के प्रचारक बाबा साहब आप्टे ने 12 दिसंबर, 1943 को जबलपुर में गुरुदक्षिणा उत्सव पर स्वयंसेवकों से कहा- ह्लअंग्रेजों का अत्याचार असहनीय है, देश को स्वतंत्रता के लिए तैयार हो जाना चाहिएह्व। संघ अपनी स्थापना के समय से ही देश की स्वतंत्रता का स्वप्न लेकर चल रहा था। भारत की सर्वांग स्वतंत्रता के लिए संघ के स्वयंसेवक प्रतिज्ञाबद्ध थे इसलिए अवसर आने पर उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में सहभागिता की, जेल गए और बलिदान भी दिया।

# राधाकृष्णन ने लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से विशिष्ट पहचान बनाई : मोदी



**रणजीत टाइम्स**

नयी दिल्ली 17 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन की सराहना करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड की रविवार को हुई बैठक में श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुने जाने के बाद श्री मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि राजग परिवार ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लअपने लंबे सार्वजनिक जीवन में, थिरु सी.पी. राधाकृष्णन जी ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर व्यापक कार्य किया है। मुझे खुशी है कि एनडीए परिवार ने उन्हें हमारे गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने का निर्णय लिया है।ह्व

उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 21 अगस्त तक नामांकन दायर किए जा सकते हैं और जरूरत पड़ने पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव 9 सितंबर को होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव श्री जगदीप धनखड़ द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद कराया जा रहा है।



# स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करे: मांडविया

**रणजीत टाइम्स**

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग के 36वें संस्करण में सभी नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली के लिए फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने आह्वान किया।

डा. मांडविया ने आज गुजरात के पालीताणा स्थित अपने गृह ग्राम हनोल से फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल में भाग लेकर सभी नागरिकों से एक सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। संडे ऑन साइकिल के 36वें संस्करण में राष्ट्रीय कैडेट कोर के युवाओं की भी भागीदारी रही। डॉ. मांडविया ने गांव के पुरुषों और महिलाओं से फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और कार्बन क्रेडिट सुविधा का उपयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, ह्लमैं सभी से फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और यह देखने का आग्रह करता हूं कि साइकिल से काम पर जाने या गांव में घूमने से कितना कार्बन बच रहा है। इस ऐप को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह आपको दूरी और लगने वाले समय से लेकर हृदय गति आदि तक, आपके स्वास्थ्य के बारे में सभी जानकारी देता है, जो आपके स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए फायदेमंद है। साइकिल चलाना मोटापे से लड़ने और प्रदूषण से निपटने का एक बेहतरीन साधन है। मैं सभी से हमारे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं।

### एशिया कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान

# बाबर आजम-रिजवान को टीम में जगह नहीं, सलमान आगा करेंगे कप्तानी

रणजीत टाइम्स

**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने एशिया कप 2025 और उससे पहले खेले जाने वाले UAE ट्राई-सीरीज के लिए 17 मेंबर्स वाले टी-20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है।**

टीम की कप्तानी ऑलराउंडर सलमान अली आगा को सौंपी गई है। एशिया कप UAE में 9 से 28 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं, इससे पहले होने वाली ट्राई-सीरीज में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई हिस्सा लेंगे। बाबर ने पिछले साल दिसंबर में आखिरी बार खेला था टी-20 मैच बाबर आजम ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2025 में उन्होंने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, जिसमें 56 रन नॉटआउट, 53 रन नाबाद और 94 रन की इनिंग शामिल है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके स्कोर 47, 0 और 9 रहे। दूसरी ओर, रिजवान को भी हाल की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज (बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू और वेस्टइंडीज में) में शामिल नहीं किया गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए, लेकिन अगले दो मैचों में 16 और 0 रन ही बना सके। फखर जमान की वापसी वहीं, फखर जमान फिट होकर वापसी कर चुके हैं। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, लेकिन अब उन्हें एशिया कप और ट्राई-सीरीज दोनों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत-पाक एक ही ग्रुप में भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है। पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। भारत ने 8 बार जीता एशिया कप एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।



**ट्राई सीरीज और एशिया कप के लिए पाक टीम :** सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, साहिबजादा फरहान, सैम आयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सूफियान मोकिम।

**खुल गया राज! बाबर आजम का क्यों नहीं हुआ एशिया कप में चयन? पाकिस्तान के कोच ने दी नसीहत :** इसमें बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली। इस फैसले से पाकिस्तान क्रिकेट में रणनीतिक बदलाव के संकेत मिले हैं। चयनकर्ताओं ने आक्रामक बल्लेबाज सैम अयूब, साहिबजादा फरहान और फखर जमां जैसे तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाजों को तरजीह दी है। दिसंबर 2024 में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच हुए मैच के बाद से बाबर और रिजवान में से किसी ने भी कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। मुख्य कोच माइक हेसन ने बताया है कि क्यों बाबर आजम को एशिया कप में नहीं चुना गया। पाकिस्तान के पूर्व कोच को स्पिन को खेलने और स्ट्राइक रेट में सुधार करने की नसीहत दी गई है। हेसन ने पाकिस्तान की टीम के ऐलान के दौरान पत्रकारों से कहा, "इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है। खासकर स्पिन के खिलाफ और अपने स्ट्राइक-रेट के मामले में। मुझे पता है कि वह इस समय इन पहलुओं पर बहुत मेहनत कर रहे हैं।" बाबर को इस साल के अंत में बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व करना है।

### बाबर की वापसी के लिए बिग बैश लीग बेहद अहम

हेसन का मानना है कि बाबर की वापसी के लिए बिग बैश लीग बेहद अहम होगी। उन्होंने कहा, "बाबर जैसे खिलाड़ी के पास बीबीएल में खेलने और टी20 क्रिकेट के उन क्षेत्रों में सुधार दिखाने का भी मौका है।" हेसन के पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम का कोच बनने के बाद मिले-जुले नतीजे देखने को मिले हैं।

### बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज जीता

बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में पाकिस्तान को जीत मिली, लेकिन बांग्लादेश में एक सीरीज में हार भी झेलनी पड़ी। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि वेस्टइंडीज ने 34 सालों में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती। बाबर का प्रदर्शन उस वनडे सीरीज में 47, 0 और 9 रन के स्कोर के साथ निराशाजनक रहा।

---

### अश्विन बोले- मेरा वीडियो ब्रेविस की बल्लेबाजी पर था

# सीएसके की साइनिंग अमाउंट पर नहीं; एक दिन पहले चेन्नई को सफाई देनी पड़ी थी

रणजीत टाइम्स

**पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) द्वारा डेवाल्ड ब्रेविस को साइन करने पर दिए गए अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका असली फोकस साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज की बैटिंग पर था, न कि IPL 2025 के बीच सीजन में उनके साइनिंग अमाउंट पर।**

अश्विन, जो CSK से IPL खेलते हैं। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि पांच बार की IPL चैंपियन टीम ब्रेविस को साइन करने के लिए ज्यादा पैसे देने को तैयार थी। उनके इस कमेंट के बाद फ्रेंचाइजी को एक दिन पहले सोशल मीडिया X पर पोस्ट करके आधिकारिक सफाई देनी पड़ी थी। मेरे पुराने वीडियो का मकसद ब्रेविस की बल्लेबाजी थी- अश्विन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मेरे पुराने वीडियो का मकसद ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात करना था, न कि उसके IPL साइनिंग अमाउंट पर। हमें समझना होगा कि हर खिलाड़ी, जो IPL में खेलता है, उसका कॉन्ट्रैक्ट फ्रेंचाइजी और टूर्नामेंट दोनों से होता है। फ्रेंचाइजी और IPL का आपसी बंधन होता है और अगर कुछ भी गलत होगा, तो उसे मंजूरी नहीं मिलेगी। IPL में इंजरी



रिप्लेसमेंट आम बात अपनी बात को और पुख्ता करने के लिए अश्विन ने ब्रेविस को स्पेशल टैलेंट बताया। उन्होंने कहा, IPL में इंजरी रिप्लेसमेंट बहुत आम हैं। असल बात यह है कि नियमों को आप कैसे अपनाते हैं। यही पॉइंट है। अगर आप CSK और साउथ अफ्रीका दोनों के फैन हैं तो अब ब्रेविस को लेकर बहुत एक्साइटेड होंगे। वे एक खास टैलेंट हैं। CSK ने ब्रेविस का रिप्लेसमेंट नियमों के मुताबिक बताया अश्विन के बयान के बाद शनिवार को CSK ने आधिकारिक तौर पर सफाई दी। फ्रेंचाइजी ने कहा कि ब्रेविस के साइनिंग का पूरा प्रोसेस लीग के नियमों और रेगुलेशंस के तहत हुआ। CSK ने अपने बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स साफ तौर पर स्पष्ट करता है कि IPL 2025 में डेवाल्ड ब्रेविस को रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में साइन करने के दौरान फ्रेंचाइजी द्वारा उठाए गए सभी कदम IPL के नियमों और रेगुलेशंस में थे। बयान में आगे कहा गया, अप्रैल 2025 में डेवाल्ड ब्रेविस को 2.2 करोड़ रुपए की लीग फीस पर चोटिल खिलाड़ी गुरजपनीत सिंह की जगह साइन किया गया था।गुरजपनीत को IPL मेगा ऑक्शन 2025 जेद्दाह में 2.2 करोड़ रुपए में खरीदा गया था। अश्विन ने बताया, सफाई की क्यों जरूरत पड़ी अश्विन ने अपने पुराने बयान पर सफाई की जरूरत को लेकर कहा, आज के समय में सही बातों को भी स्पष्ट करना जरूरी है। यहां किसी की कोई गलती नहीं है, इस मामले में सफाई इसलिए देनी पड़ी क्योंकि बहुत से लोगों के मन में संदेह था। हकीकत यह है कि न तो फ्रेंचाइजी की, न खिलाड़ी की और न ही गवर्निंग बॉडी से कोई गलती हुई है। ब्रेविस CSK के लिए गोल्ड हैं रविचंद्रन अश्विन ने कहा, जिस तरह से ब्रेविस बल्लेबाजी कर रहे हैं, CSK को गोल्ड मिल गया है। उन्हें टीम में शामिल करने का फैसला शानदार रहा। वे बड़े-बड़े सिक्स लगाते हैं, पावर-स्ट्राइकर भी हैं। किसी रिप्लेसमेंट प्लेयर को उसकी फीस से ज्यादा पैसे देकर शामिल नहीं कर सकते IPL के नियमों के मुताबिक, किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को चोटिल खिलाड़ी की ऑक्शन प्राइस से ज्यादा फीस पर साइन नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, नियमों में यह भी लिखा है कि, अगर किसी सीजन में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लिया जाता है, तो उसे दी जाने वाली लीग फीस को घटाकर मैचों के हिसाब से तय किया जाएगा।

---



### इंडिया-ए विमेंस टीम तीसरा वनडे हारी

# ऑस्ट्रेलिया-ए ने 2 विकेट से हराया, सीरीज पर भारत का कब्जा

रणजीत टाइम्स

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई इंडिया-ए विमेंस टीम को तीसरे वनडे में हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। हालांकि, भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। भारत ने पहला वनडे 3 विकेट से और दूसरा 2 विकेट से जीता था।

रविवार को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम 47.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 216 रन बना सकी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 27.5 ओवर में एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हीली ने नाबाद शतक (137 रन) और ताहलिया विल्सन ने अर्धशतक (59 रन) बनाया। अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ा स्कोर नहीं बना सकी भारतीय टीम भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 86 रन की मजबूत साझेदारी की। हालांकि, 88 और 89 के स्कोर पर नंदिनी कश्यप और तेजल हसब्निस के विकेट जल्दी गिरने से भारत को झटका लगा। इसके बाद यस्तिका भाटिया ने 54 गेंदों में 42 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन टीम 47.4 ओवर में 216 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ताहलिया मैकग्राथ का शानदार प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की ओर से ताहलिया मैकग्राथ ने 8 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। एला हेवर्ड ने 10 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट, सियाना जिंजर ने 8.4 ओवर में 50 रन देकर 2 विकेट और अनिका लियरॉयड ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

### ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी

एलिसा हीली की धमाकेदार पारी 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को एलिसा हीली और ताहलिया विल्सन ने 137 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी दी। हीली ने 85 गेंदों में नाबाद 137 रन बनाए, जबकि विल्सन ने 59 रन का योगदान दिया। राहेल ट्रेनमैन ने 31 गेंदों में 21 रन बनाए। भारत की ओर से राधा यादव को एकमात्र विकेट मिला, जिन्होंने ताहलिया विल्सन को आउट किया।

---



# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

### एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल

रणजीत टाइम्स

भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे। स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद वापसी सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था- 'लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है।'

IPL 2025 में दूसरे टॉप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने IPL 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच UAE से भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

# सीएम का वादा एमपी को बनाएंगे मिल्क कैपिटल

● कहा-किसान खेती के साथ पशुपालन कर बढ़ाए अपनी आमदनी ● दुग्ध उत्पादन के जरिए बढ़ाएंगे पशुपालकों की आय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आज प्रदेश का हर कोना विकास कार्यों से सज-संवर रहा है। हम प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मध्यप्रदेश को मिल्क केपिटल बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। हम गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया है कि 25 गाय और 42 लाख रुपये तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे, सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी। मुख्यमंत्री ने मांग पर कोटेश्वर एवं विरुपाक्ष महादेव में विकास कराने की बात कही।



## अगले तीन साल में भरे जाएंगे पुलिस विभाग के रिक्त पद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अगले 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेगी। अगले तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए जायेंगे। रोजगार आधारित उद्योग लगाने पर हम निवेशक को मदद मुहैया कराने के अलावा अपने उद्योग में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगपतियों को 5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से प्रोत्साहन राशि भी देगी। यह राशि उस स्थानीय व्यक्ति को दी जाएगी, जिसे रोजगार पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको पक्का मकान बनाकर देंगे। कोई भी पक्के मकान से वंचित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली दीपावली की भाईदूज से हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह राशि देगी।

## विकसित प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है एमपी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश अब विकासशील प्रदेश से आत्मनिर्भर एवं विकसित प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वाधिक जरूरत गरीबों, लाचारों और जरूरतमंदों को ही होती है, इसलिए इन सबके जीवन में नया उजाला लाना हमारी जिम्मेदारी है। विकास के लाभ से हम किसी को भी वंचित नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द रतलाम के समीप धार जिले में बदनावर के निकट पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होने वाला है। इस पार्क से करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए हमारी सरकार बहुत सारी सौगातें लेकर आई है। नदी जोड़ो परियोजना से हम रतलाम जिले के एक-एक गांव को पानी देंगे।







दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स